**भारत डायनामिक्स लिमिटेड**


**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्ची बाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-सी सी /06 दिनांक : 01 नवंबर, 2022

**<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>**

**<u>बीडीएल ने सरकार को अंतिम लाभांश का भुगतान किया</u>**



भारत डायनामिक्स लिमिटेड (बीडीएल) ने भारत सरकार को वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए **रु.13.733 करोड़** के अंतिम लाभांश का भुगतान किया।

कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.), अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, बीडीएल ने बी डी एल में भारत सरकार की शेयरधारिता से संबंधित रु. 13.733 करोड़ का चेक रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह को आज नई दिल्ली में प्रदान किया।

बीडीएल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए रु.10/- प्रति शेयर पर रु. 1.00 के अंतिम लाभांश की घोषणा की। कपंनी द्वारा घोषित यह अंतिम लाभांश रु. 183.28 करोड़ की शेयर पूँजी का 10% है।

इससे पहले, इस वर्ष मार्च के दौरान वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को बीडीएल शेयरधारिता से संबंधित प्रति शेयर रु.7.30 के हिसाब से रु. 100.248 करोड़ के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया गया था। इसे वित्तीय वर्ष 2021-22 के लिए बीडीएल द्वारा भारत सरकार को रु. 113.981 करोड़ के अंतिम लाभांश का भुगतान किया गया।

इस अवसर पर रक्षा मंत्रालय से श्री सिद्धार्थ सिंह लांगजम, अपर सचिव (रक्षा उत्पादन विभाग) एवं वित्ती सहलाहार – अधिग्रहण, श्री अनुराग बाजपेयी, संयुक्त सचिव (पी अण्ड सी) और श्री एन श्रीनिवासुलू, निदेशक (वित्त) बीडीएल भी उपस्थित रहे।

---XXX---